## सूचना का अधिकार के अंतर्गत छ.ग.स्टे.पॉ.हो.कं.लिमि. में प्रथम अपीलीय अधिकारी श्री ए.के.सतसंगी, महाप्रबंधक (मा.सं.), दूरभाष क्रं. –0771–2574700

**अपील प्रकरण क्रमांक** 34/2020 दिनांक 09.12.2020

O/o E.D. (EITC) CSPDCL Raipur
Receipt No. 47114
Date 06 JAN 2021
AGM (IT)
SE (O)/SE
EE
Section

रेशमा मौर्य
जगदलपुर
आवेदिका

**विरूद्ध**

श्री के.एस.भारती
जनसूचना अधिकारी
होल्डिंग कंपनी, रायपुर
प्रतिअपीलार्थी

–:: **आदेश** ::–

(दिनांक 06/01/2021 को पारित)

आवेदिका रेशमा मौर्य, जगदलपुर की ओर से प्रकरण पर प्रतिअपीलार्थी जनसूचना अधिकारी सह उपमहाप्रबंधक (मा.सं.)–दो होल्डिंग कंपनी रायपुर के द्वारा उपलब्ध करायी गई जानकारी से असंतुष्ट होकर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (जिसे आगे "अधिनियम" कहा जायेगा) की धारा 19 (1) के अंतर्गत प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत की गई है, जिसे पंजीयन क्रमांक 34/2020 दिनांक 09.12.2020 के द्वारा पंजीबद्ध किया गया है।

(2) प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदिका द्वारा आवेदन दिनांक निरंक के माध्यम से सूचना का अधिकार के अंतर्गत बस्तर जोन के लिए हुए डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर परीक्षा का परिणाम की छायाप्रति जिसमें टॉप के पंद्रह स्टुडेंट ओर मेरे रिर्टन पेपर एवं टायपिंग के अंको की छायाप्रति (जनरल एवं ओ.बी.सी.) एवं हाल ही में जारी वेटिंग लिस्ट की छायाप्रति की जानकारी/दस्तावेज चाही गई है।

(3) पत्र क्रमांक 86 दिनांक 22.12.2020 के माध्यम से अपील की सुनवाई दिनांक 04.01.2021 को निर्धारित किया गया। सुनवाई में जनसूचना अधिकारी एवं संबंधित प्रभाग के (DPIO) प्रबंधक (मा.सं.)–तीन, तथा आवेदिका उपस्थित हुए। अतः प्रकरण में सुनवाई की कार्यवाही संपन्न की गई।

(4) जनसूचना अधिकारी का पक्ष कि कंडिका 02/–टीप में आवेदिका द्वारा बस्तर जोन के अंतर्गत डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर पद के भर्ती परीक्षा के संबंध में जानकारी चाही गई है। तत्संबंध में आवेदिका को 01 पृष्ठ की जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हे अवगत कराया गया है कि जगदलपुर क्षेत्र के लिए जारी विज्ञापन के अंतर्गत प्रतियोगी (CBT) परीक्षा के उपरांत पॉवर कंपनी की वेबसाइट www.cspc.in पर दावा/आपत्ति हेतु एक लिंक उपलब्ध कराया गया था, जिसमें उम्मीदवार अपनी परीक्षा, उत्तर, एवं उसे प्राप्त अंको की जानकारी प्राप्त कर सकता था। तथा यदि आवश्यक हुआ तो दावा/आपत्ति भी दर्ज करा सकता था। दावा/आपत्ति के पश्चात् रोल नबंर 14010911527 द्वारा कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) में 123.250 अंक तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी कम्प्यूटर टाईपिंग टेस्ट की कौशल परीक्षा में क्रमशः 38 व 35 अंक प्राप्त किए है। इस प्रकार रोल नबंर 14010911527 को कुल 196.250 अंक प्राप्त हुए है। इसके अतिरिक्त जगदलपुर क्षेत्र के लिए चयनित अनारक्षित (महिला) वर्ग में चयनित उम्मीदवार का कटऑफ 200.500 है। जगदलपुर क्षेत्र के लिए चयनित उम्मीदवारों के रोल नबंर, नाम, श्रेणी, उपश्रेणी, चयनित श्रेणी, प्राप्त अंक आदि की जानकारी पॉवर कंपनी की वेबसाइड WWW.CSPC.in पर उपलब्ध है। पत्र क्रमांक 2120 दिनांक 21.09.2020 के माध्यम से आवेदिका को 01 पृष्ठ की जानकारी/दस्तावेज उपलब्ध करायी गई है।

(i) निर्धारित तिथि को संबंधित अभिलेखों/दस्तावेजों का अवलोकन कर, जनसूचना अधिकारी एवं संबंधित प्रभाग के (DPIO) तथा आवेदिका के तर्क श्रवण किये गये।

(ii) आवेदिका का तर्क कि उन्हे सिर्फ लिखित एवं टायपिंग परीक्षा परिणामों के अंकों से अवगत कराया गया है। मुझे प्रथम एवं द्वितीय प्रतीक्षा सूची के संदर्भ में किसी प्रकार की जानकारी उपलब्ध नही करायी गई है। अतः निवेदन है कि टॉप के 15 उम्मीदवारों के अंको की जानकारी एवं हाल में ही जारी प्रथम एवं द्वितीय प्रतीक्षा सूची के अंको की जानकारी उपलब्ध करायी जावे।

(iii) उपरोक्त के संबंध में प्रतिअपीलार्थी जनसूचना अधिकारी एवं संबंधित प्रभाग के (DPIO) का तर्क कि आवेदिका को कंड़िका 04/–टीप के माध्यम से दावा आपत्ति के पश्चात् कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट (CBT) में 123.250 अंक तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी कम्प्यूटर टाईपिंग टेस्ट की कौशल परीक्षा में क्रमशः 38 व 35 अंक प्राप्त किए है। इस प्रकार रोल नबंर 14010911527 को कुल 196.250 अंक प्राप्त हुए है। इसके अतिरिक्त जगदलपुर क्षेत्र के लिए चयनित अनारक्षित (महिला) वर्ग में चयनित उम्मीदवार का कटऑफ 200.500 है। तथापि जगदलपुर क्षेत्र के लिए चयनित उम्मीदवारों के रोल नबंर, नाम, श्रेणी, उपश्रेणी, चयनित श्रेणी, प्राप्त अंक आदि की जानकारी पॉवर कंपनी की वेबसाइट WWW.CSPC.in पर उपलब्ध है से अवगत करायी जा चुकी है। अतः आवेदिका को उक्त भर्ती से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराया जाना संभव नही है।

लेख है कि HON`ble Supreme Court of India in Civil Appeal No- 10044 of 2010 & Ors. Date 13-11-2019 titled as CPIO, Supreme Court of India V. Subhash Chandra Agarwal, के प्रकरण में पारित आदेश के अनुसार personal records, including name, address, physical, mental and psychological status, marks abtained, grades and answer sheets, professional records, including qualification performance, are all treated as personal information Similarly,

उपरोक्त कंड़िका 05/–टीप के पैरा (ii) के दृष्टिगत लेख है कि डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर पद के भर्ती के तृतीय चरण में अंतिम रूप से अनारक्षित श्रेणी में चयनित महिला उम्मीद्वार का कुल अंक 199.250 है, जबकि आवेदिका रेशमा मौर्य का कुल अंक 196.250 है। दोनों अंकों के बीच में कुल 02 उम्मीदवार है, जिसमें 01 पुरूष एवं 01 महिला उम्मीदवार है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के अनुसार अनारक्षित श्रेणी में कुल 05 पद विज्ञापित थे, जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के आरक्षण नियमानुसार महिला के लिये 01 पद आरक्षित था। उक्त पद पर चयनित महिला उम्मीदवार द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।

(6) प्रकरण में आये तथ्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि प्रतिअपीलार्थी जनसूचना अधिकारी के द्वारा कंड़िका 04/–टीप में में जो कार्यवाही की गई है वह स्वीकार योग्य है जो तर्क संगत है।

अतः स्पष्ट है कि कंडिका 05 (iii) में उल्लेखित जानकारी आवेदिका के शंका के समाधान हेतु पर्याप्त परिलक्षित होते हैं। परिणामतः प्रकरण में किसी प्रकार की हस्तक्षेप की आवश्यकता नही है।

उपरोक्त के दृष्टिगत प्रथम अपील प्रकरण (पंजीयन क्रमांक 34/2020) दिनांक 09.12.2020) एतद् द्वारा नस्तीबद्ध किया जाता है।

(ए.के.सतसंगी)
अपीलीय अधिकारी
सह महाप्रबंधक (मा0सं0)
छ.ग.स्टे.पॉ.हो.कं.लिमि.,रायपुर
दूरभाष कमांक –0771–2574700

ांक :– 01–02/अपील प्रकरण –34/2020/01 रायपुर, दिनांक 06/01/2021

प्रतिलिपि :–

(1) जनसूचना अधिकारी सह उप महाप्रबंधक (मा0सं0)–दो, छ.ग.स्टे.पॉ.हो.कं.लिमि.,रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

(2) प्रबंधक (मा.सं.)–तीन, छ.ग.स्टे.पॉ.हो.कं.लिमि.,रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

(3). रेशमा मौर्य, मदर टेरेसा वार्ड, जगदलपुर, बस्तर (छ.ग.) को सूचनार्थ प्रेषित।

(4) मुख्य अभियंता (EITC), छ.ग.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.,रायपुर –उक्त आदेश को कंपनी के वेबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें।

इस आदेश के विरूद्ध आवेदिका चाहें तो छ0 ग0 सूचना आयोग में द्वितीय अपील आवेदन निम्नांकित पते पर, इस आदेश के प्राप्त होने की तिथि से 90 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकतें है।

पता :–

सचिव,
छत्तीसगढ राज्य सूचना आयोग
अटल नगर, जिला– रायपुर (छ.ग.)
पिन – 492002
दूरभाष– 0771–2512106, 2512108

(ए.क.सतसंगी)
अपीलीय अधिकारी
सह महाप्रबंधक (मा0सं0)
छ.ग.स्टे.पॉ.हो.कं.लिमि.,रायपुर
दूरभाष कमांक –0771–2574700